मेट्रो के 17 स्टेशनों में हुआ 70 प्रतिशत काम

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

■ **मुंबई:** कोरोना महामारी के दौरान भी मुंबई में मेट्रो का काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) जमीन के नीचे और ऊपर तेजी से काम करा रहा है। मेट्रो 3 कॉरिडोर का 96 प्रतिशत से अधिक तक भूमिगत मार्ग तैयार करने के साथ ही स्टेशन बनाने का काम चल रहा है। कॉरिडोर के कुल 26 में से 17 स्टेशनों पर 70 प्रतिशत से अधिक सिविल वर्क पूरा किया जा चुका है। 4 स्टेशनों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा निर्माण कार्य हो चुका है। केवल 4 स्टेशनों पर 25 से 35 प्रतिशत के बीच काम हुआ है।

MMRCL के अनुसार, एमआईडीसी स्टेशन का सबसे अधिक 83 प्रतिशत और मरोल नाका, सीप्ज व विधानभवन स्टेशन 81 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो गए हैं। सीएसएमआईए, सांताक्रुज, सीएसएमटी और सिद्धिविनायक व अन्य स्टेशनों का काम 70 प्रतिशत से अधिक तक हो चुका है। देरी से शुरू हुए गिरगांव स्टेशन का निर्माण कार्य सबसे कम 24 प्रतिशत हुआ है।

कोरोना महामारी में भी पूरी रफ्तार से काम

विवाद है, पर काम जारी

■ मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का काम कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी में किया जा रहा है

■ राज्य और केंद्र सरकार के विवाद के कारण मेट्रो कारशेड बनाने का काम शुरू नहीं हो पा रहा है

■ इस विवाद का असर मेट्रो मार्ग के निर्माण कार्य पर नहीं पड़ा है

ट्रैक का हाल

■ मार्च 2021 से ट्रैक बिछाने का काम शुरू

■ अब तक 3 किमी से अधिक ट्रैक बिछाया गया

■ अप और डाउन के कुल 66.07 किमी ट्रैक बिछाए जाने हैं

■ पूरे मार्ग पर करीब 10,745 मैट्रिक टन ट्रैक का इस्तेमाल होगा